मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज - 211004 (भारत)
Department of Humanities and Social Sciences
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj - 211004 (India)

हिन्दी कार्यशाला प्रतिवेदन

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा **"उच्च तकनीकी संस्थानों में हिन्दी भाषा का महत्व"** विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का **6 दिसंबर 2023** को विद्युत अभियंत्रण सभागार में आयोजन हुआ। इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार गर्ग, हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय; श्री हरीकृष्ण तिवारी सहायक निदेशक (राजभाषा) आयकर भवन; संस्थान के प्रभारी निदेशक प्रो. एल. के. मिश्रा तथा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योत्स्ना सिन्हा द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस कार्यशाला का सफल संयोजन डॉ. मितू मंडल द्वारा किया गया। डॉ. राजेश कुमार गर्ग जी ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला । श्री हरीकृष्ण तिवारी जी ने भारत सरकार के कार्य एवं उनसे जुड़े अनुच्छेद-351 में वर्णित हिन्दी भाषा की महत्ता, तकनीकी संस्थानों में हिन्दी भाषा का प्रयोग और उसके विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी।

इस कार्यशाला में समस्त विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं सहायक निदेशक राजभाषा के साथ साथ संस्थान के कुल 44 कर्मचारियों एवं शिक्षकगणो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

21/12/23
(डॉ. मितू मण्डल)
संयोजक, हिन्दी कार्यशाला

21/12/23
(डॉ. राजेश कु. शास्त्री)
विभागाध्यक्ष (कार्यवाहक)